# UPSSSC PET 2022

## Answer Key - 15 October 2022, Shift 2

| | |
|---|---|
| **Exam:** | UP Preliminary Eligibility Test (PET) |
| **Conducting body:** | UPSSSC (UP Subordinate Services Selection Commission) |
| **Exam date:** | 15.10.2022 |
| **Maximum marks:** | 100 |
| **Duration:** | 2 hours |
| **Document:** | Answer Key |

**FREE DOWNLOAD**

This document is made available for free educational use.
Visit globaldrishti.in for more exam notifications, results and study material.

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

## प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2022

## उत्तर कुंजी (Master Set)

| दिनांक 15.10.2022 | द्वितीय पाली |
|---|---|

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS

**1.** "पंचतंत्र" की कथाएँ किसके द्वारा लिखी गई थीं ?

**विष्णु शर्मा**

The tales of "The Panchatantra" was written by :

**Vishnu Sharma**

**2.** गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना पहला उपदेश ________ में दिया था।

**धम्म–चक्र–प्रवर्तन मुद्रा**

In ________, Gautam Buddha delivered his first sermon at Sarnath.

**Dhamma-chakra-pravartana Mudra**

**3.** निम्नलिखित में से किस शासक के दरबारी कवि हरिषेण थे ?

**समुद्रगुप्त**

Which of the following ruler's court poet was Harishena ?

**Samudragupta**

**4.** "जज़िया" फिर से लगाने वाले मुगल शासक का नाम लिखिए।

**औरंगजेब**

Write the name of Mughal ruler who reimposed "Jaziya".

**Aurangzeb**

**5.** निम्नलिखित में से किसे अंग्रेजों द्वारा शुरू किए गए सबसे महत्त्वपूर्ण योगदानों में से एक माना जाता है ?

**रेलवे**

Which of the following is considered as one of the most important contribution that was introduced by British ?

**Railways**



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| **6.** | निम्नलिखित में से कौन सा 1857 के विद्रोह का परिणाम था ?<br>**ईस्ट इंडिया कंपनी की शक्तियों को ब्रिटिश क्राउन में हस्तांतरित कर दिया ।**<br>Which among the following was the consequence of the 1857 revolt ?<br>**Transferred the powers of the East India Company to the British Crown.** |
| **7.** | 1930 में महात्मा गांधी द्वारा "सविनय अवज्ञा आंदोलन" शुरू करने का कारण था :<br>**नमक कानून तोड़ने के लिए दांडी मार्च ।**<br>The reason of launching the "Civil Disobedience Movement" by Mahatma Gandhi in 1930 was :<br>**Dandi March to break the Salt Laws.** |
| **8.** | निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र भारत का पहला भारतीय गवर्नर–जनरल था ?<br>**सी. राजगोपालाचारी**<br>Which of the following was free India's first Indian Governor-General ?<br>**C. Rajagopalachari** |
| **9.** | निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा बर्मा को भारत से अलग किया गया था ?<br>**भारत सरकार अधिनियम, 1935**<br>Burma was separated from India by which of the following Act ?<br>**Government of India Act, 1935** |
| **10.** | भारत को ब्रिटिश नियंत्रण से मुक्त करने के लिए, भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) का गठन किसने किया ?<br>**सुभाष चंद्र बोस**<br>Who raised the Indian National Army (INA), to free India from British control ?<br>**Subhas Chandra Bose** |
| **11.** | निम्नलिखित में से कौन पृथ्वी का सबसे बड़ा अंतःस्थलीय जल निकाय है ?<br>**कैस्पियन सागर**<br>Which of the following is the Earth's largest inland body of water ?<br>**Caspian Sea** |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| **12.** | सामान्य वर्षा में अचानक वृद्धि हो जाती है और कई दिनों तक लगातार जारी रहती है । इसे मानसून का ______ कहा जाता है ।<br>**प्रस्फोट (फटना)**<br>The normal rainfall increases suddenly and continues constantly for several days is known as the ______ of the monsoon.<br>**Burst** |
| **13.** | जी.एम.टी. (GMT) का पूर्ण रूप क्या है ?<br>**ग्रीनविच मीन टाइम**<br>What is the full form of GMT ?<br>**Greenwich Mean Time** |
| **14.** | प्रति 1,000 लोगों पर जीवित जन्मों की वार्षिक संख्या को किस नाम से जाना जाता है ?<br>**क्रूड (अशोधित) जन्म दर**<br>By what name is the annual number of live births per 1,000 people called ?<br>**Crude birth rate** |
| **15.** | सागौन के जंगल भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में पाए जाते हैं ?<br>**मध्य प्रदेश**<br>Teak forests are found in which of the following states of India ?<br>**Madhya Pradesh** |
| **16.** | _____ योजना आयोग के अंतिम उपाध्यक्ष थे ।<br>**श्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया**<br>_______ was the last deputy chairman of the Planning Commission.<br>**Shri Montek Singh Ahluwalia** |
| **17.** | निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र भारत का सबसे बड़ा नियोक्ता है ?<br>**प्राथमिक क्षेत्र**<br>Which of the following sector is the largest employer of India ?<br>**Primary sector** |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**18.** निम्नलिखित में से किस राज्य को हरित क्रांति के लिए भारत में आरंभ स्थल के रूप में चुना गया था ?

**पंजाब**

Which among the following states was chosen as the Initiation site in India for Green Revolution ?

**Punjab**

**19.** 1969 में कितनी प्रमुख निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था ?

**इनमें से कोई नहीं**

How many leading private banks were nationalised in 1969 ?

**None of these**

**20.** 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद _____ उद्योग विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित थे ।

**परमाणु ऊर्जा उत्पादन**

_________ Industries were reserved exclusively for the public sector after the economic reforms of 1991.

**Atomic energy generation**

**21.** निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद "अल्पसंख्यकों के हितों का संरक्षण" के लिए है ?

**अनुच्छेद 29**

Which among the following Articles is for "Protection of Interests of Minorities" ?

**Article 29**

**22.** 42वें संशोधन के माध्यम से संविधान में कौन सा नया DPSP (राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत) जोड़ा गया ?

**समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता ।**

Through the 42nd amendment, which of the new DPSP (Directive Principles of State Policy) was added to the Constitution ?

**Equal justice and free legal aid.**

**23.** निम्नलिखित में से कौन से मौलिक कर्तव्य हैं ?

**ये सभी**

Which among the following are Fundamental Duties ?

**All of these**

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| **24.** | अनुच्छेद 245 के अनुसार _____ संसद का कार्य है।<br>**कानून बनाना**<br>As per Article 245 _____is the function of Parliament.<br>**Law – making** |
| **25.** | सरकारिया आयोग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?<br>**केंद्र और राज्य संबंध**<br>The Sarkaria Commission is related to which of the following ?<br>**Centre & State Relations** |
| **26.** | प्रकाश वर्ष ________ का एक माप है ।<br>**तारकीय दूरी**<br>Light year is a measurement of<br>**Stellar distances** |
| **27.** | सभी अम्लों में समान तत्त्व है :<br>**हाइड्रोजन**<br>The element common to all acids is<br>**Hydrogen** |
| **28.** | नॉनस्टिक खाना पकाने के बर्तन _______ से लेपित होते हैं।<br>**टेफ्लॉन**<br>Non-stick cooking utensils are coated with<br>**Teflon** |
| **29.** | निम्नलिखित में से कौन सबसे बुद्धिमान स्तनधारी है ?<br>**डॉल्फ़िन**<br>Which of the following is the most intelligent mammal ?<br>**Dolphins** |
| | |

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**30.** पौधों का विकास किससे प्रभावित होता है ?

**प्रकाश की गुणवत्ता, मात्रा और अवधि**

Plant development is influenced by

**quality, quantity and duration of light**

**31.** दिए गए भिन्नों $\frac{4}{9}, \frac{5}{7}, \frac{11}{13}, \frac{13}{17}$ में से सबसे बड़ा कौन सा है ?

Out of given fractions $\frac{4}{9}, \frac{5}{7}, \frac{11}{13}, \frac{13}{17}$, which one is largest ?

$\mathbf{\frac{11}{13}}$

**32.** $\frac{(2.1)^3 + (5.8)^3}{(2.1)^2 - 2.1 \times 5.8 + (5.8)^2} =$

**7.9**

**33.** एक परीक्षा में, 70% अभ्यर्थी भौतिकी में उत्तीर्ण हुए और 80% अभ्यर्थी तर्कणा में उत्तीर्ण हुए । यदि इन दोनों विषयों में 55% अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, तो दोनों विषयों में कितने प्रतिशत अभ्यर्थी अनुत्तीर्ण हुए ?

In an exam, 70% candidates passed in physics and 80% candidates passed in reasoning. If 55% candidates passed in both these subjects, what percent of candidates failed in both subjects ?

**5%**

**34.** 308, 125, 45, 120 और 102 का औसत है

The average of 308, 125, 45, 120 and 102 is

**140**

**35.** $\sqrt{9 - 4\sqrt{5}} =$

$\sqrt{5} - 2$

**36.** 'स्वल्प' का संधि विच्छेद क्या होगा ?

**सु + अल्प**

**37.** "इति– ईति" का सही अर्थ भेद है :

**समाप्ति – विघ्न**

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

38. ‘ईश्वर में विश्वास रखने वाला’ – इस शब्द समूह के लिए एक शब्द बताइये ।
**आस्तिक**

39. ‘स्थावर’ का विलोम शब्द है :
**जंगम**

40. ‘बिल्ली को पहले ही दिन मारना चाहिए’ का अर्थ है–
**भय का शमन शुरू में ही कर देना चाहिए ।**

**Read the passage carefully and answer the corresponding questions : (Q. 41 and 42)**

Valentine’s Day, February 14, is a holiday that celebrates love and friendship in the United States. Most people think of it as a romantic day to show the one you love how much you care by purchasing cards and gifts. Valentine’s Day is also an extremely commercial holiday. People spend money on flowers, balloons, chocolates, stuffed animals and jewellery. People also go out for expensive dinners. Valentine’s Day is even celebrated by school children, who give thank-you cards to their teachers. Some high schools have Valentine’s Day dances. Classmates give each other little cards. These cards can be purchased at any store with famous cartoon characters. It is considered much more thoughtful to have kids make handmade cards to give to friends and teachers.

Valentine’s Day is also a great day to announce your love to someone like a secret crush. Some people even get married on Valentine’s Day. However, you don’t have to be in love to share in the festivities. You can say “Happy Valentine’s Day” to friends and co-workers. Valentine’s Day is not an official holiday though in the U.S., meaning government offices and schools are open as usual. The date used to be the celebration of a Saint named Valentine who allegedly saved a young girl’s life. It wasn’t until the Middle Ages that romance somehow got mixed in with the date and lovers would send each other handwritten love notes. Back then you couldn’t just go to the store and buy a card the way you can now.

41. According to the passage, is Valentine’s Day officially a holiday ?
**No**

42. According to the passage, what do school children gift their teachers ?
**Thank-you cards**

43. Choose the correct synonym of : “tame”
**Docile**

44. Choose the correct antonym of : “rapid”
**Tardy**

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**45.** Give one word substitute for the following :
"one who is indifferent to pleasure or pain"

**Stoic**

**46.** दोनों कथनों को पढ़ें और तय करें कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ।

**कथन :**

I. लैपटॉप निर्माण कंपनियों ने हाल ही में लैपटॉपों की कीमतों में वृद्धि की है ।

II. सरकार ने हाल ही में लैपटॉपों पर शुल्क बढ़ाया है ।

**कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है ।**

Read both the statements and decide which of the following answer choice correctly depicts the relationship between these two statements.

**Statements:**

I. The Laptop manufacturing companies have recently increased the prices of Laptops.

II. The Government recently increased the duty on Laptops.

**Statement II is the cause and statement I is its effect.**

**47.** एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए A ने अपने दोस्त B से कहा, "वह मेरी माँ के पिता की इकलौती बेटी है" । A, फोटोग्राफ वाले व्यक्ति से किस प्रकार संबंधित है ?

**बेटा**

Pointing to a photograph A said to his friend B, "She is the only daughter of the father of my mother." How is A related to the person of photograph ?

**Son**

**48.** निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से असंगत का चयन कीजिए ।

In the following question, select the odd one out from the given alternatives.

**301**

**49.** 1 जनवरी, 2006 को रविवार था । 1 जनवरी, 2010 को सप्ताह का कौन सा दिन था ?

**शुक्रवार**

It was Sunday on Jan. 1, 2006. What was the day of the week on Jan. 1, 2010 ?

**Friday**

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| **50.** | यदि किसी निश्चित भाषा में ACTIVE को EDUJWA के रूप में कोडित किया जाता है, तो उस कोड में EFFECT को कैसे कोडित किया जाएगा ?<br>If in certain language ACTIVE is coded as EDUJWA, how is EFFECT coded in that code ?<br>**TGGFDE** |
| **51.** | भारत गौरव पर्यटक ट्रेन को जून 2022 में रामायण सर्किट के हिस्से के रूप में भारत और ______ के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था ।<br>**नेपाल**<br>Bharat Gaurav tourist train was flagged off between India and _______, as part of Ramayana Circuit in June 2022.<br>**Nepal** |
| **52.** | भारत ने दोनों देशों के बीच "मजबूत और दीर्घकालिक" साझेदारी के निर्माण के लिए चल रहे प्रयासों के तहत निम्नलिखित में से किस देश को 75 एम्बुलेंस और 17 स्कूल बसें उपहार में दीं ?<br>**नेपाल**<br>India gifted 75 ambulances and 17 school buses to which among the following countries as part of its ongoing efforts to build on the "robust and longstanding" partnership between the two countries ?<br>**Nepal** |
| **53.** | जून 2022 में, भारत ने निम्नलिखित में से किस देश के साथ 'कॉमनवेल्थ डिप्लोमैटिक एकेडमी प्रोग्राम' की घोषणा की ?<br>**यू.के.**<br>In June, 2022, India announced the 'Commonwealth Diplomatic Academy Programme' with which among the following countries ?<br>**UK** |
| **54.** | ________ कंपनी ने IAF के हेलीकॉप्टरों के लिए ADS की आपूर्ति हेतु एक बेलारूसी कंपनी और उसकी सहायक कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।<br>**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**<br>________ Company signed an MOU with a Belarusian Company and its subsidiary for the supply of ADS for helicopters of the IAF.<br>**Bharat Electronics Limited** |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| **55.** | निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य ने 'नारी को नमन' नाम से एक नई योजना शुरू की है ?<br>**हिमाचल प्रदेश**<br>Which among the following Indian state has launched a new scheme named 'Naari Ko Naman' ?<br>**Himachal Pradesh** |
| **56.** | निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने 5,000 रुपये की 'काशी यात्रा' सब्सिडी योजना शुरू की ?<br>**कर्नाटक**<br>Which of the following State Government launched ₹ 5,000 'Kashi Yatra' subsidy scheme ?<br>**Karnataka** |
| **57.** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निम्नलिखित में से किस जिले में डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक कार्यक्रम में 1,800 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया ?<br>**वाराणसी**<br>PM Narendra Modi inaugurated and laid the foundation stone of initiatives worth ₹ 1,800 crores at an event at Dr. Sampurnanand Sports Stadium in which among the following districts ?<br>**Varanasi** |
| **58.** | किस संस्थान ने 'इंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की ?<br>**नीति आयोग**<br>Which institution released a report titled 'India's Booming Gig and Platform Economy' ?<br>**NITI Aayog** |
| **59.** | निम्नलिखित में से कौन सी राज्य सरकार 'सिंगल एंट्री, मल्टीपल एग्जिट' के विचार पर एक एजुकेशन टाउनशिप बनाने की योजना बना रही है ?<br>**उत्तर प्रदेश**<br>Which of the following state government is planning to build an education township on the idea of 'Single Entry, Multiple Exit' ?<br>**Uttar Pradesh** |
| **60.** | छात्र पारिस्थितिकी के लिए एक नया डिजिटल प्लेटफॉर्म 'कैंपस पॉवर' किस बैंक द्वारा लॉन्च किया गया है ?<br>**आई.सी.आई.सी.आई. बैंक**<br>A new digital platform 'Campus Power' for student ecosystem has been launched by which bank ? |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| | **ICICI Bank** |
| **61.** | भारत के कितने राज्य बांग्लादेश के साथ सीमा साझा करते हैं ?<br>How many states of India share border with Bangladesh ?<br>**5** |
| **62.** | निम्नलिखित में से पोलैंड की राष्ट्रीय मुद्रा क्या है ?<br>**ज़्लॉटी**<br>What among the following is the national currency of Poland ?<br>**Zloty** |
| **63.** | निम्नलिखित में से कौन सा भारत का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश है ?<br>**लक्षद्वीप**<br>Which among the following is the smallest Union Territory of India ?<br>**Lakshadweep** |
| **64.** | निम्नलिखित में से किसके पास लोक सभा सत्र को स्थगित करने की शक्ति है ?<br>**भारत के राष्ट्रपति**<br>Who among the following has the power to prorogue the Lok Sabha sessions ?<br>**President of India** |
| **65.** | "अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस" निम्नलिखित में से किस दिन मनाया जाता है ?<br>**2 अक्टूबर**<br>"International day of Non-Violence" is observed on which among the following day ?<br>**2 October** |
| **66.** | वास्को-डि-गामा का मकबरा (दफन स्थान) भारत के निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?<br>**कोच्चि (केरल)**<br>Tomb (the burial place) of Vasco-da-Gama is situated in which among the following place of India ?<br>**Kochi (Kerala)** |

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**67.** ________ उत्तर प्रदेश का एक लोकप्रिय शास्त्रीय नृत्य है ।

**कत्थक**

________ is a popular classical dance of Uttar Pradesh.

**Kathak**

**68.** "थॉमस कप" निम्नलिखित में से किस खेल से संबंधित है ?

**बैडमिंटन**

"Thomas Cup" is related to which among the following games ?

**Badminton**

**69.** प्रसिद्ध पुस्तक 'विंग्स ऑफ फायर' किसकी आत्मकथा है ?

**डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम**

The famous book –'Wings of Fire' is an autobiography of

**Dr. A. P. J. Abdul Kalam**

**70.** ग्लोबल वार्मिंग का अपेक्षित परिणाम है :

**ये सभी**

Expected result of Global warming is :

**All of these**

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 71 से 75) के उत्तर दीजिए ।**

आजकल पढ़े-लिखे नवयुवकों को विदेशी संस्कृति और जीवन अपनी ओर सर्वाधिक आकर्षित कर रहे हैं । इसके लिए कई माता-पिता का भी सपना होता है कि उनकी संतान विदेशों में पढ़ने जाए, वहाँ की सुख-चैन की ज़िन्दगी बसर करे और समाज में उनका नाम ऊँचा हो । इसमें कुछ ग़लत भी नहीं है । भारत में बेकारी है, ग़रीबी है, गंदगी है, प्रदूषण है, भ्रष्टाचार है, लूट-पाट है और विदेशों में इससे सर्वथा विपरीत स्वर्गीय आनंद है । माँ-बाप के अथक प्रयासों एवं प्रेरणा के फल-स्वरूप बच्चे विदेशों में पढ़ने-बसने चले जाते हैं । शुरू में तो माँ-बाप, सगे-सम्बन्धी सभी याद आते हैं पर कालांतर में बच्चे वहाँ की ज़िन्दगी और वहाँ की तथाकथित सभ्यता में इतने रच-बस जाते हैं कि धीरे-धीरे वे पड़ोसियों, सगे-सम्बन्धियों, अपने भारतीय मित्रों और माँ-बाप को भी भूलने लगते हैं । पहले वर्ष में एक-दो बार इसके बाद क्रमशः धीरे-धीरे भारत में आना कम होने लगता है । अगर विदेशी मैम से शादी हो जाए तो कहने ही क्या ? कुछेक को छोड़कर ज़्यादातर के ये ही हाल हैं । इसमें उन बच्चों का उतना दोष भी नहीं है और न विदेश भेजने वाले अभिभावक ही कदाचित उतने दोषी हैं । शायद उनके संस्कारों में ही कोई कमी रह गई हो । पीढ़ियों के अंतराल के प्रभाव की समझ

PHT 2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

न रखने वाले ज़्यादातर माँ-बाप दो-चार महीने तक संतान के पास जाकर इसके बाद वापस स्वदेश आ जाते हैं क्योंकि उनके कमाऊ पूत स्वदेश में आकर बसना नहीं चाहते । बच्चों की शिकायत है कि माँ-बाप उनकी पत्नी और बच्चों के साथ एडजस्ट नहीं करते और अपनी पुराने ज़माने की चीजों को यहाँ थोपना चाहते हैं । इस प्रकार के व्यवहार से वे हमारे साथ कैसे रह पाएँगे ? अपने द्वारा भोगे जाने वाले कष्टों और दुश्चिन्ताओं की चर्चा वे माँ-बाप किसी से नहीं करते । उनके द्वारा लिए गए निर्णय पर जग हँसाई के डर के साथ रहने वाले वे बुढ़ापे के कष्टों और बीमारियों को अकेले ही झेलते बच्चों के वियोग में अनकही पीड़ाओं के साथ एक-एक करके दोनों अंततः इस दुनिया से विदा हो जाते हैं ।

**71.** आजकल पढ़े-लिखे नवयुवक विदेश क्यों जाते हैं ? सर्वाधिक सबल तर्क कौन सा लगता है ?

**माँ-बाप का सपना पूरा करने, सुख-चैन की ज़िन्दगी बसर करने तथा समाज में प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए जाते हैं ।**

**72.** विदेश में जा बसे बच्चों के व्यवहार परिवर्तन के लिए कौन दोषी है ? अनुच्छेद को ध्यान में रखते हुए सर्वाधिक प्रबल तर्क को चुनिए ।

**अधूरे संस्कार**

**73.** विदेश में जा बसे बच्चों के माँ-बाप अपने द्वारा भोगे जाने वाले कष्टों और दुश्चिन्ताओं की चर्चा किसी से क्यों नहीं करते ?

**जग हँसाई से बचने के लिए ।**

**74.** बच्चों की शिकायत है कि माँ-बाप पत्नी और बच्चों के साथ एडजस्ट नहीं करते और अपनी पुराने ज़माने की चीजों को यहाँ थोपना चाहते हैं । इसके लिए कौन सही में दोषी है ?

**दो पीढ़ियों का अंतराल ।**

**75.** 'इस प्रकार के व्यवहार से वे हमारे साथ कैसे रह पाएँगे ?' यहाँ ऐसे कौन से व्यवहार की ओर संकेत है जिससे उनकी संतान उन्हें अपने साथ नहीं रख पाती ?

**बच्चों के परिवार के सदस्यों (पत्नी और उनके बच्चों) के रहन-सहन, खान-पान, पहनावे और चाल-चलन पर ऐतराज़ और कटाक्ष करते होंगे ।**

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों (प्र. 76 से 80) के उत्तर दीजिए ।**

आज परिवारों का विघटन होता जा रहा है । परिवार सीमित और छोटे होते जा रहे हैं । पढ़े-लिखे परिवारों में एक या दो बच्चे ही होते हैं । माँ-बाप अपने उपलब्ध संसाधनों से बड़े लाड़-प्यार से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाते हैं और दुलार के साथ बड़ा करते हैं । पुराने समय का 'लालयेत् पञ्च वर्षाणि, दश वर्षाणि ताडयेत्' वाला फार्मूला अब बदल चुका

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

है । इतना लाड़ मिलने के बावज़ूद आज की नई पीढ़ी के बच्चे असहनशील होते जा रहे हैं । अगर शिक्षक कक्षा में उनसे कुछ भी कह दें, घर में माँ–बाप या कोई रिश्तेदार कुछ भी कह दें, तो वे तुरंत प्रतिक्रियाशील हो जाते हैं । ग्रहणशीलता समाप्त होती जा रही है और जैसा वे चाहें, वैसा करने की आज़ादी उन्हें चाहिए । अस्तु, येन–केन प्रकारेण बच्चे पढ़–लिखकर नौकरी पा जाते हैं या अपना काम सँभाल लेते हैं । माता–पिता धीरे–धीरे बूढ़े होते जाते हैं । उनके द्वारा बचपन के प्यार से लेकर उस समय तक के त्याग और बलिदान उन्हीं के अपने बच्चों द्वारा भुला दिए जाते हैं । अब माँ–बाप बूढ़े और शक्तिहीन हैं और बच्चों पर बोझ । आज के बूढ़े माँ–बाप पिछली पीढ़ी के बूढ़े माँ–बाप की तुलना में अधिक दयनीय से होते जा रहे हैं । उन्हीं के द्वारा पालित–पोषित बच्चे उन्हें अपने परिवार का सदस्य मन से स्वीकार नहीं कर रहे हैं । यही कारण है कि बुढ़ापे में या तो माँ–बाप अकेले रहते हैं और या अपने ही घर में दीन–हीन से होकर बच्चों का मुँह ताकते हैं । पीढ़ियों के अंतराल से जीवन मूल्यों में तेज़ी से बदलाव हो रहा है । अच्छी भावना से भी यदि बूढ़े माँ–बाप वयस्क बच्चों या उनके परिवार के विषय में कुछ सलाह देते हैं, तो उनकी सलाह का सम्मान नहीं होता । यह संभवतः पीढ़ियों के अंतराल का परिणाम है । अब समय बदल गया है और अनुभवपूर्ण सलाह की इस नई पीढ़ी को आवश्यकता नहीं है । अपेक्षा की जाती है कि यदि उन्हें साथ रहना है तो एडजस्ट करके चलें, अन्यथा वृद्धाश्रम में हम–उम्र लोगों के बीच समय बिताएँ । खुद भी चैन से रहें और उन्हें भी अपनी तरह से चैन से रहने दें । क्या वास्तव में इस सबके लिए युवा पीढ़ी ही दोषी है या कुछ दोष वृद्धों का भी है ?

**76.** आज के बुजुर्गों के लिए बदलते समय की कौन सी सर्वोचित माँग है जिससे वे चैन से अपना बुढ़ापा काट सकें ?

**बुजुर्ग बुढ़ापे के लिए कुछ अर्जित करके रखें और अगली पीढ़ी के सदस्यों पर न बोझ बनें और न अपनी राय थोपें ।**

**77.** कौन से माँ–बाप अपने ही घर में दीन–हीन से होकर बच्चों का मुँह नहीं ताकते हैं ?

**जो माता–पिता बदलते समय के साथ अपने आप को बदल लेते हैं और बहू–बेटों और उनके परिवार को उचित सम्मान देते हैं ।**

**78.** माता–पिता द्वारा प्यार–दुलार एवं समस्त संसाधनों के दिए जाने के बावजूद आज की युवा पीढ़ी से वह आत्मीयता ग़ायब है, जो पुरानी पीढ़ी तक विद्यमान थी । इसका सबसे उचित कारण क्या हो सकता है ?

**पीढ़ियों के अंतरण के कारण जीवन मूल्यों के बदलने से युवा पीढ़ी अदूरदर्शी और असहनशील होती जा रही है और उसकी ग्रहणशीलता कम होती जा रही है ।**

**79.** कौन से बच्चे अपने माता–पिता को वृद्धाश्रम में भेज देने की बात करते हैं ?

**जो बच्चे संस्कारहीन और अविवेकी हैं और जो अपने भविष्य को नहीं देख पाते ।**

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**80.** संतान के साथ रहने की इच्छा होते हुए भी कई माँ–बाप के अकेले रहने का कारण कौन सा है ? सबसे सबल तर्क कौन सा है ?

**माँ–बाप का संतान और उसके परिवार के प्रति रूखा व्यवहार, वाणी का असंयम और बहू–बेटों की ज़िन्दगी में ज्यादा दखलंदाज़ी ।**

**प्र. सं. 81 से 85 :**

वर्ष 2011 से 2015 के दौरान पाँच जिलों से प्रतियोगी परीक्षा में उपस्थित, उत्तीर्ण और चयनित उम्मीदवारों की संख्या के आँकड़े तालिका में उल्लिखित हैं । निम्न तालिका का अध्ययन करें और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 81 to 85 :**

Data for Number of candidates appeared, qualified and selected in competitive examination from five districts over the years 2011 to 2015 is mentioned in table. Study the following table and answer the questions based on it.

| | जिला A / District A | | | जिला B / District B | | | जिला C / District C | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष/ Year | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel |
| **2011** | 8000 | 850 | 94 | 7800 | 810 | 82 | 7500 | 720 | 78 |
| **2012** | 4800 | 500 | 48 | 7500 | 800 | 65 | 5600 | 620 | 85 |
| **2013** | 7500 | 640 | 82 | 7400 | 560 | 70 | 4800 | 400 | 48 |
| **2014** | 9500 | 850 | 90 | 8800 | 920 | 86 | 7000 | 650 | 70 |
| **2015** | 9000 | 800 | 70 | 7200 | 850 | 75 | 8500 | 950 | 80 |

| | जिला D / District D | | | जिला E /District E | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष/ Year | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel | उपस्थित /App | उत्तीर्ण /Qual | चयनित /Sel |
| **2011** | 8200 | 680 | 85 | 6400 | 700 | 75 |
| **2012** | 6800 | 600 | 70 | 7100 | 650 | 75 |
| **2013** | 6500 | 525 | 65 | 5200 | 350 | 55 |
| **2014** | 7800 | 720 | 84 | 6400 | 540 | 60 |
| **2015** | 5700 | 485 | 60 | 4500 | 600 | 75 |

**81.** किस जिले के लिए विगत वर्षों में चयनित उम्मीदवारों की औसत संख्या न्यूनतम है ?

**जिला E**

For which district, the average number of candidates selected over the years is the minimum ?

**District E**

PET FINAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

82. जिला D से उत्तीर्ण उम्मीदवारों का प्रतिशत जिला D से उपस्थित होने वालों की तुलना में किस वर्ष में सबसे कम है ?

The percentage of candidates qualified from District D over those appeared from District D is lowest in which year ?

**2013**

83. वर्ष 2011 में, किस जिले में उपस्थित उम्मीदवारों की तुलना में चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत सबसे अधिक था ?

**जिला A**

In the year 2011, which district had the highest percentage of candidates selected over the candidates appeared ?

**District A**

84. समीक्षाधीन अवधि के दौरान जिला E से चयनित उम्मीदवारों की संख्या इस अवधि के दौरान जिला A से चयनित उम्मीदवारों की संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है ?

The number of candidates selected from District E during the period under review is approximately what percent of the number of selected candidates from District A during this period ?

**88.54%**

85. जिला C से चयनित उम्मीदवारों का प्रतिशत जिला C से उत्तीर्ण उम्मीदवारों की तुलना में किस वर्ष में सबसे अधिक है ?

The percentage of candidates selected from District C over those qualified from District C is highest in the year :

**2012**

**प्र. सं. 86 से 90 :** तालिका का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 86 to 90 :** Study the table and answer the following questions.

**5 महीनों के दौरान 5 कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या**

**Number of products sold by 5 companies during 5 months**

PET 2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| महीना/Month | कंपनी / Company | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | P | Q | R | S | T |
| जनवरी/January | 130 | 80 | 155 | 85 | 75 |
| फरवरी/February | 155 | 110 | 88 | 110 | 90 |
| मार्च/March | 180 | 130 | 115 | 100 | 120 |
| अप्रैल/April | 160 | 145 | 240 | 140 | 165 |
| मई/May | 140 | 120 | 130 | 100 | 165 |

**86.** कंपनी S द्वारा बेचे गए उत्पादों की संख्या में जनवरी से अप्रैल तक लगभग कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?

The number of products sold by company S approximately increased by what percent from January to April ?

**64.71%**

**87.** कंपनी T द्वारा मार्च, अप्रैल और मई में बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या में से, 32% माइल्ड स्टील से बने थे। मार्च, अप्रैल और मई में स्टोर T द्वारा बेचे गए माइल्ड स्टील उत्पादों की कुल संख्या कितनी थी ?

Out of the total number of products sold by company T in March, April and May together, 32% were made of mild steel. What was the total number of mild steel products sold by store T in March, April and May together ?

**144**

**88.** फरवरी में कंपनी P, S और T द्वारा बेचे गए उत्पादों की औसत संख्या कितनी है ? (अनुमानित)

What is the average number of products sold by company P, S and T in February ? (Approximate)

**118**

**89.** मार्च में कंपनी P और R द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या का अप्रैल में उन्हीं कंपनियों द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या से अनुपात कितना है ?

What is the ratio of the total number of products sold by company P and R in March to the total number of products sold by the same company in April ?

**59 : 80**

**90.** कंपनी Q द्वारा जनवरी और मई में मिलाकर बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या और समान महीनों में कंपनी R द्वारा बेचे गए उत्पादों की कुल संख्या के बीच का अंतर कितना है ?

What is the difference between the total number of products sold by company Q in January and May together and the total number of products sold by company R in the same months together ?

**85**

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**प्र. सं. 91 से 95 :** यहाँ दिया गया पाई चार्ट एक विशेष वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों पर विश्वविद्यालय के खर्च को दर्शाता है। चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। (सभी मान डिग्री में दिए गए हैं।)

**Q. Nos. 91 to 95 :** The pie chart given here shows the spending of university on various sectors during a particular year. Study the chart carefully and answer the questions given below it. (All the values are given in degree.)




**91.** छात्रावास पर कुल खर्च का लगभग कितना प्रतिशत खर्च किया जाता है ?

Approximately what percent of total spending is spent on Hostel ?

**12.78%**

**92.** कार्यक्रमों की तुलना में अनुसंधान पर लगभग कितना प्रतिशत अधिक खर्च किया गया है ?

Approximately how much percent more is spent on Research than on Events ?

**86%**

**93.** यदि वर्ष के दौरान विभिन्न क्षेत्रों पर खर्च की गई कुल राशि ₹ 1,80,00,000 हो, तो आधारभूत संरचना पर खर्च की गई राशि छात्रावास पर खर्च की गई राशि से कितनी अधिक है ?

If the total amount spent on various sectors during the year be ₹ 1,80,00,000, then the amount spent on Infrastructure exceeds on Hostel by :

**₹ 2,00,000**

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

**94.** खेलों पर, शिक्षा की तुलना में कितने प्रतिशत कम खर्च किया जाता है ?

How much percent less is spent on Sports than on Education ?

**35%**


**95.** यदि वर्ष के दौरान खेलों पर खर्च की गई कुल राशि ₹ 1.8 करोड़ थी, तो शिक्षा और अनुसंधान पर कुल खर्च की गई राशि थी :

If the total amount spent on Sports during the year was ₹ 1.8 crores, the amount spent on Education and Research together was :

**₹ 72,50,000**

**प्र.सं. 96 से 100 :** निम्नलिखित लाइन ग्राफ (रेखा आरेख) 2001 से 2006 की अवधि के दौरान दो कंपनियों A और B द्वारा अर्जित प्रतिशत लाभ प्रदान करता है । ग्राफ को ठीक से पढ़ें और प्रश्नो के उत्तर दें ।

**Q. Nos. 96 to 100 :** The following line graph gives the percentage profit earned by two companies A and B during the period 2001 to 2006. Read the graph properly and answer the questions.




**96.** 2005 में दो कंपनियों A और B की आय क्रमश: 3 : 4 के अनुपात में थी । 2005 में उनके व्यय का क्रमशः अनुपात क्या था ?

The income of two companies A and B in 2005 were in the ratio of 3 : 4 respectively. What was the respective ratio of their expenditures in 2005 ?

**45 : 68**

**97.** यदि 2002 में कंपनी B का व्यय ₹ 200 करोड़ था, तो 2002 में आय क्या थी ?

**₹ 260 करोड़**




globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material

| | |
|---|---|
| | If the expenditure of company B in 2002 was ₹ 200 crores, what was the income in 2002 ?<br>**₹ 260 crores** |
| **98.** | यदि 2001 में कंपनी A और B का व्यय समान था और 2001 में दोनों कंपनियों की कुल आय ₹ 342 करोड़ थी, तो 2001 में दोनों कंपनियों का कुल लाभ कितना था ?<br>(लाभ = आय – व्यय)<br>**₹ 102 करोड़**<br>If the expenditures of company A and B in 2001 were equal and the total income of the two companies in 2001 was ₹ 342 crores, what was the total profit of the two companies together in 2001 ?<br>(Profit = Income - Expenditure)<br>**₹ 102 crores** |
| **99.** | वर्ष 2003 में कंपनी A का व्यय ₹ 200 करोड़ था और 2003 में कंपनी A की आय 2006 में उसके खर्च के समान थी। 2006 में कंपनी A की आय क्या थी ?<br>**₹ 464 करोड़**<br>The expenditure of company A in the year 2003 was ₹ 200 crores and the income of company A in 2003 was the same as its expenditure in 2006. The income of company A in 2006 was :<br>**₹ 464 crores** |
| **100.** | यदि 2005 में दो कंपनियों की आय समान थी, तो 2005 में कंपनी A के व्यय का कंपनी B के व्यय से अनुपात क्या था ?<br>If the incomes of two companies were equal in 2005, then what was the ratio of expenditure of company A to that of company B in 2005 ?<br>**15 : 17** |

PET-2022 PROVISIONAL ANSWERS



globaldrishti.in ? Free Exam Notifications, Results & Study Material